परियोजना का नामः– जिला योजना के अन्तर्गत जनपद बागेश्वर में कांडा जेठाई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गुरना बागेश्वर दफौट मोटर मार्ग पर मिलान।

## परियोजना का औचित्य

जिला योजना 2011–12 में जिला अधिकारी, बागेश्वर के पत्रांक 1499 / जिला योजना / 11–12 दि0 22.10.2011 द्वारा जनपद बागेश्वर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित कांडा जेठाई मोटर मार्ग से गुरना बागेश्वर दफौट मोटर मार्ग तक मिलान लम्बाई 4 कि.मी. (प्रथम चरण) के अन्तर्गत वन भूमि हस्तान्तरण की स्वीकृति प्राप्त करने हेतु रू0 0.50 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है0। वन भूमि स्वीकृति उपरान्त राज्य सरकार से मोटर मार्ग निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत की जायेगीं।

तहसील कांडा की ओर से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत कांडा (धपौली)–जेठाई मोटर मार्ग लम्बाई 10 कि.मी. में प्रभावित होने वाली 6.9837 है0 वन भूमि की भारत सरकार के पत्रांक 8बी / यू.सी.पी. / 06 / 284 / 2005 / एफ.सी. 632 दि0 11.07.2006 द्वारा विधिवत् स्वीकृति एवं शा0सं0 जी. आई.–1171 / 7– 1 2006 / 600 (1303) / 2005 दि0 19.08.2006 द्वारा भूमि हस्तान्तरण आदेश उपरान्त निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। दूसरी तरफ तहसील बागेश्वर की ओर से बागेश्वर–दफौट मोटर मार्ग के विस्तार में प्रभावित होने वाली 8.73 है0 वन भूमि की भारत सरकार के पत्रांक 8 बी / यू.सी.पी. / 06 / 149 / 2005 / एफ.सी. / 2074 दि0 20.03.2006 द्वारा विधिवत् स्वीकृति एवं शा0सं0 जी.आई.1044 / 7– 1 2006 / 600 (1155) / 2005 दि0 07.03.2006 द्वारा भूमि हस्तान्तरण आदेश उपरान्त निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। स्वीकृत मोटर मार्ग इन दोनों मार्गों को जोड़ने हेतु स्वीकृत किया गया है जो जेठाई (बंगचूड़ी) नामक स्थान से आरम्भ हो कर बागेश्वर–दफौट मोटर मार्ग के कि0मी0 25 में गुरना के पास पूर्व निर्मित मोटर मार्ग में मिल जायेगा। इस मिसिंग लिंक मोटर मार्ग की कुल लम्बाई 4 कि.मी. आती है।

वर्ष 2001 की जनगणना के अनु.सार ग्राम जेठाई आवादी (701) बंजचूड़ी (63) क्वैराली (150) सिमलगांव (143) गुरना (488) धारकोना (26) मयूँगूठ (96) किमोली (299) मटियोली (209 ) एवं भीड़ी (97) कुल 2272 ग्रामीणों की दैनिक आवाजाही निजी एवं सरकारी कार्यों हेतु कांडा एवं बागेश्वर तहसीलों में होती है एवं इस क्षेत्र का मुख्य बाजार भी कांडा एवं बागेश्वर है परन्तु सीधे यातायात के अभाव के कारण इन ग्रामों की जनता को लगभग 50 कि0मी0 से अधिक दूरी तय करके वाहनों को बदल कर बागेश्वर होते हुए आना जाना पड़ता है जिसमें अत्यधिक समय एवं धन व्यय होता हैं। इस मिसिंग लिंक मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय जनता को लगभग 15 कि0मी0 की दूरी तय करके यातायात एवं परिवहन की सुविधा प्राप्त होगी जिससे समय एवं धन की बचत होगी। यह क्षेत्र जनपद के दूरस्थ में स्थित है जहां पर यातायात की कठिनाई के कारण अधिकारी कर्मचारी अपनी सेवायें देने को तैयार नहीं होते। इस मिसिंग लिंक के निर्मित होने से छात्र छात्राओं एवं अध्यापकों को विद्यालयों में आने जाने में सुविधा होगी। इससे क्षेत्र में शिक्षा तथा स्वास्थ्य के स्तर में सुधार होगा एवं स्थानीय युवाओं का पलायन रूकेगा। मार्ग के संरेखण में 1.820 है0 सिविल सोयम भूमि एवं मात्र 34 चीड़ वृक्ष प्रभावित हो रहे है, अतः उपरोक्त कारणों से इस मिसिंग लिंक मोटर मार्ग का निर्माण जनहित में अति आवश्यक है।

सहायक अभियंता
प्रान्तीय खंड, लो0नि0वि0
बागेश्वर

अधिशासी अभियंता
प्रान्तीय खंड, लो0नि0वि0
बागेश्वर